# बीपीएस में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न



एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी छात्राओं के साथ।

गोहाना, 27 मार्च (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में चल रहे सात दिवसीय विशेष कैंप का आज समापन हो गया जिसकी अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नितिका ने की, जबकि कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि महिला विवि की एनएसएस कोर्डिनेटर डॉ. बबिता ने शिरकत की। डॉ. बबीता ने अपने संबोधन में सभी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं एनएसएस वॉलंटियर को कैंप के समापन पर बधाई देते हुए कहा कि, ऐसे प्रयास सेवा भावना की मूल सोच को प्रदर्शित करते हैं। संचालन डॉ. नीतिका ने बताया कि कैंप की थीम, यूथ फॉर माय भारत एंड डिजिटल लिटरेसी के अनुसार पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक परिचर्चा, कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक , रैली एवं पौधारोपण जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। हर यूनिट ने आस पास के गांव में जाकर गांव के लोगों और युवाओं को जहां स्वच्छता का संदेश दिया वहीं सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए जागरूक भी किया। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक यूनिट से बेस्ट वॉलंटियर चयनित कर सम्मानित किया गया। डॉ. नितिका ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर का आयोजन एनएसएस यूनिट 1,3,4, 5 और 6 द्वारा किया गया था।

पंजाब केसरी
FRI,28 MARCH 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# 'यूथ फॉर माय भारत एंड डिजिटल लिटरेसी' थीम पर शिविर पूर्ण



एन.एस.एस. शिविर में विभिन्न यूनिटों की प्रतिभागी स्वयंसेविकाएं। (अरोड़ा)

गोहाना, 27 मार्च (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग (आई.एच.एल.) में एन.एस.एस. की 5 यूनिटों के 7 दिवसीय विशेष कैंप का गुरुवार को समापन हो गया। अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतिका ने की। विशिष्ट अतिथि महिला विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. को-ऑर्डिनेटर डॉ बबीता रहीं।

डॉ. बबीता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम एवं गतिविधियां कॉलेज में निरंतर आयोजित होती रहनी चाहिए। ऐसे प्रयास सेवा भावना की मूल सोच को प्रदर्शित करते हैं। ये आयोजन छात्राओं को न सिर्फ उनके सामाजिक दायित्व का बोध कराते हैं अपितु उनके व्यक्तित्व के समावेशी विकास में सहायक होते हैं।

डॉ. नीतिका ने बताया कि कैंप की थीम, 'यूथ फॉर माय भारत एंड डिजिटल लिटरेसी' के अनुसार पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक परिचर्चा, कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक, रैली एवं पौधारोपण जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। हर यूनिट ने आसपास के गांवों में जाकर ग्रामीणों और युवाओं को जहां स्वच्छता का संदेश दिया, वहीं सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए जागरूक भी किया।

उन्होंने बताया कि कैंप के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक यूनिट से बैस्ट वालंटियर चयनित कर सम्मानित किया गया।

शिविर का आयोजन एन.एस.एस. यूनिट 1, 3, 4, 5 और 6 द्वारा किया गया था। आई.एच.एल. की प्रिंसीपल डॉ. वीना गर्ग ने कैंप के सफल आयोजन के लिए छात्राओं और एन.एस.एस. की प्रोग्राम अधिकारियों को बधाई दी।

# यूथ फॉर माय भारत एंड डिजिटल लिटरेसी थीम पर शिविर पूर्ण




गोहाना मुद्रिका एप, 27 मार्च : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग (आई.एच.एल.) में एन.एस.एस. की पांच यूनिटों के 7 दिवसीय विशेष कैंप का गुरुवार को समापन हो गया। अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीतिका ने की। विशिष्ट अतिथि महिला विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर डॉ बबीता रहीं।

डॉ. बबीता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम एवं गतिविधियां कॉलेज में निरंतर आयोजित होती रहनी चाहिए। ऐसे प्रयास सेवा भावना की मूल सोच को प्रदर्शित करते हैं। ये आयोजन छात्राओं को न सिर्फ उनके सामाजिक दायित्व का बोध कराते हैं अपितु उनके व्यक्तित्व के समावेशी विकास में सहायक होते हैं।

डॉ. नीतिका ने बताया कि कैंप की थीम, "यूथ फॉर माय भारत एंड डिजिटल लिटरेसी ' के अनुसार पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक परिचर्चा, कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक , रैली एवं पौधारोपण जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। हर यूनिट ने आसपास के गांवों में जाकर ग्रामीणों और युवाओं को जहां स्वच्छता का संदेश दिया वहीं सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए जागरूक भी किया।

उन्होंने बताया कि कैंप के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक यूनिट से बेस्ट वालंटियर चयनित कर सम्मानित किया गया। शिविर का आयोजन एन.एस.एस. यूनिट 1, 3, 4, 5 और 6 द्वारा किया गया था। आई.एच.एल. की प्रिंसिपल डॉ वीना गर्ग ने कैंप के सफल आयोजन के लिए छात्राओं और एन.एस.एस. की प्रोग्राम अधिकारियों को बधाई दी।

# छात्राओं को स्वावलंबी बनने को किया प्रेरित



एनएसएसके कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ स्वयंसेविकाएं ● सौ. प्रवक्ता

**वि., गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. नितिका ने की और मुख्य अतिथि अतिथि विश्वविद्यालय की एनएसएस की समन्वयक डा. बबिता ने शिरकत की। डा. बबिता ने कहा कि एनएसएस शिविरों की गतिविधियों से सेवा की भावना बढ़ती है। ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को न सिर्फ उनके सामाजिक दायित्व का बोध कराते हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व के समावेशी विकास में सहायक होते हैं। छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक यूनिट से श्रेष्ठ स्वयंसेविका को सम्मानित किया। छात्राओं के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग में आयोजित सात दिवसीय शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नितिका ने की और मुख्य अतिथि अतिथि विवि की एनएसएस की समन्वयक डा. बबिता ने शिरकत की।

# सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवकों को किया पुरस्कृत

गोहाना। गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के उच्च शिक्षा संस्थान में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया है। समापन समारोह की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नितिका ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला विवि की एनएसएस समन्वयक डॉ. बबीता ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम व गतिविधियां सेवा भावना की मूल सोच को प्रदर्शित कती हैं। यह छात्राओं को न सिर्फ उनके सामाजिक दायित्व का बोध कराते हैं, अपितु व्यक्तित्व के समावेशी विकास में सहायक होते हैं। संवाद